वर्तमान सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां

(1) वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 256 चयनित चिकित्सा अधिकारियों में से 235 चिकित्सक की नियुक्तियां विभाग में की गई, जिससे उत्तर प्रदेश के 29 लाख बीमांकितों सहित 1.12 करोड लाभार्थियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने में सहयोग मिला।

(2) बीमांकितों एवं उनके परिवारजनों के प्रतिपूति दावों का भुगतान सी0जी0एच0एस0 दर के आधार पर निर्धारित किए जाने का निर्णय दिनांक 13.02.2024 को लिया गया।

(3) आलोच्य वर्षो में शाहजहांपुर, मेरठ एवं बरेली में नए क0रा0बी0अस्पताल स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा क0रा0बी0निगम, भारत सरकार को भूमि उपलब्ध कराई गई।

(4) 2024 में क0रा0बी0औषधालय शाहजहांपुर तथा वर्ष 2025 के लिए क0रा0बी0 औषधालय, जाजमऊ एवं झांसी के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा बी0एस0एन0एल0 के भवनों को किराए पर लिया गया।

(5) कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा वाराणसी जनपद में ईएसआईसी का मेडिकल कालेज खोले जाने का निर्णय लिया गया, जिसके फलस्वरूप वाराणसी तथा आसपास के जिलों के बीमांकित कामगारों तथा उनके परिजनों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी।

(6) वर्ष 2024-25 में प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन प्लान के अन्तर्गत रू0-2,37,50,255/- के उपकरणों की स्वीकृति क0रा0बी0निगम, नई दिल्ली से प्राप्त कर आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण क0रा0बी0 चिकित्सालयों/ औषधालयों को उपलब्ध कराए गए, जिसमें 23 क0रा0बी0औषधालयों में बुनियादी पैथालाजी जांचों के लिए उपकरण उपलब्ध कराए गए।

(7) वर्ष 2025-26 में प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन प्लान के अन्तर्गत रू0-80,90,351/- के उपकरणों की स्वीकृतियां कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली से प्राप्त की गई है।

(8) ग्रेटर नोएडा में 350 बेड चिकित्सालय की स्थापना के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पक्ष में संस्थागत भूखण्ड संख्या- 6ए सेक्टर नालेज पार्क-5 क्षेत्रफल 29,300 वर्गमीटर का आवंटन दिनांक 30.05.2025 को किया गया।

(9) वर्ष 2024-25 में 63 लैब टेक्नीशियन, 59 स्टाफ नर्सो की आउटसोर्सिंग आधार पर तैनाती की स्वीकृति प्राप्त।

(10) वर्ष 2024-25 में 88 हाउसकीपिंग तथा 64 सिक्योरिटी स्टाफ को आउटसोर्सिंग आधार पर रखने जाने की स्वीकृति प्राप्त।

(11) वर्ष 2023 से 2025 के मध्य 33 अनाच्छादित जनपदों को योजना में व्याप्ति में लेकर अब उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा योजना लागू की गई।

(12) ईएसआई योजना के चिकित्साधिकारियों को 06 माह का अल्ट्रासाउण्ड का व्यवहारिक प्रशिक्षण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आवंटित सीटों में से 3 सीटे आरक्षित कराकर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित किया गया।

(13) शासन के पत्र दिनांक 07.02.2024 के द्वारा क0रा0बी0अस्पतालों में भर्ती मरीजों की दैनिक आहार भत्ते को रू0-100/- प्रति रोगी/प्रति दिन से बढाकर रू0-138/- किया गया।

(14) रायबरेली, पनकी सहजनवां-गोरखपुर औषधालय को क0रा0बी0निगम के स्वयं के नवनिर्मित भवन में स्थानान्तरित किया गया।

(15) कर्मचारी राज्य बीमानिगम के द्वारा वर्ष 2025 में कानपुर के चिकित्सालयों/औषधालयों एवं निदेशालय में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 76 कम्प्यूटर्स की आपूर्ति की गई, जिससे क0रा0बी0चिकित्सालयों एवं औषधालयों में बीमांकितों के आनलाईन पंजीकरण सहित अन्य कार्य को गति प्रदान की गई।

(16) वर्ष 2023-24 में पैथालाजी के लिए नैनी-प्रयागराज, किदवईनगर, सर्वोदयनगर-कानपुर चिकित्सालय में हिमेटोएनालाईजर तथा मोदीनगर व पाण्डुनगर में आटोमेटिक बायोकेमिस्ट्री एनालाईजर उपलब्ध कराया गया।

(17) क0रा0बी0चिकित्सालय,आजादनगर, किदवईनगर एवं सर्वोदयनगर-कानपुर में नई एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई।

(18) उत्तर प्रदेश 12 नए स्थानों (बारा-प्रयागराज, फतेहपुर, इग्लास-अलीगढ, टूण्डला-फिरोजाबाद, डाला-सोनभद्र, रेणूसागर-सोनभद्र, शक्तिनगर-सोनभद्र, बाबतपुर-वाराणसी, कन्नौज, उरई तथा लखीमपुर-खीरी) में नए औषधालय खोले जाने की स्वीकृति कर्मचारी राज्य बीमा निगम से प्राप्त हो गई है।

(19) उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर, गोरखपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, ग्रेटर नोएडा में नए क0रा0बी0चिकित्सालय की स्थापना की स्वीकृति कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदान की गई है।

(20) वित्तीय वर्ष 2024-25 में क0रा0बी0योजना के चिकित्सालयों/औषधालयों में वित्तीय वर्ष में प्रिवेन्टिव एवं प्रमोटिव स्कीम के तहत 1930 कैम्पों का आयोजन किया गया जिसमें 1,28,381 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

(21) कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सहयोग से उत्तर प्रदेश के सभी अस्पतालों में सोलर रूफ टाप पैनल सिस्टम लगाए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

(22) दिनांक 31 मार्च, 2025 को निदेशालय, क0रा0बी0योजना,उ0प्र0 में ई-आफिस गो-लाईव किया गया।